उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राजनीति विज्ञान विभाग, चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, के अन्तर्गत स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ द्वारा "एकात्म मानवदर्शन त्रैमासिकी / Integral Humanism Quarterly" नाम से एक त्रैमासिक शोध पत्रिका के प्रकाशन की योजना है।

. इस शोध पत्रिका में निम्नलिखित चार खंडों के अन्तर्गत मौलिक आलेख आमंत्रित हैं:

१. शोध पत्र

२. शोध अंतर्दृष्टि (नवोदित शोधार्थियों हेतु)

३. पुस्तक समीक्षा

४. विविधा

. लेख हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी भाषा में भेजे जा सकते हैं।

. लेख मानविकी और सामाजिक विज्ञान के किसी भी पक्ष से संबंधित हो सकते हैं।

. शोध पत्रों में पर्याप्त संदर्भों का होना आवश्यक है।

. लेख के प्रकाशन का निर्णय विद्वत-समीक्षा (peer-review) के पश्चात ही किया जाएगा।

. लेख के साथ उसकी मौलिकता का प्रमाण पत्र संलग्न होना आवश्यक है।

. लेखों की शब्द सीमा इस प्रकार है:

शोध पत्र: 6000-7000 शब्द
शोध अंतर्दृष्टि: 3000-4000 शब्द
पुस्तक समीक्षा: 1500-2000 शब्द
विविधा:  2000-3000 शब्द

. लेख Ariel Unicode/Times New Roman में 12 फ़ॉन्ट आकार में 1.5 स्पेस में टाइप होना चाहिए।

. किसी लेख के प्रकाशन के बारे में संपादक का निर्णय अंतिम होगा।

. "विविधा" खंड के अन्तर्गत एकात्म मानव दर्शन से संबंधित टिप्पणी, कथा, काव्य और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के विवरण इत्यादि भेजे जा सकते हैं।

. विद्वत वर्ग से निवेदन है कि उपरोक्त बिंदुओं को दृष्टिगत करते हुए विभिन्न खंडों हेतु अपने शोध पत्र/ लेख/रचना विलंबतम 20 अगस्त 2020 तक emdquarterly@gmail.com पर प्रेषित करें।

प्रो. पवन कुमार शर्मा

मुख्य संपादक

डॉ. राजेन्द्र कुमार पाण्डेय

संपादक